

### एक नजर में

#### राज्य स्तरीय शालेय वॉलीबॉल टीम में मृत्युंजय बंसल का चयन

**जीरापुर 03 सितम्बर, सं.** रॉयल हाईट्स स्कूल के छात्र का भोपाल संभाग की टीम में चयन, मुरैना में होंगे राज्य स्तरीय मुकाबले. छात्र मृत्युंजय बंसल (14 वर्ष) का चयन भोपाल संभाग की वॉलीबॉल टीम में हुआ है, जो राज्य स्तरीय शालेय अंडर-14 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगा. यह प्रतियोगिता 07 से 11 सितंबर 2025 के बीच अंबाह (जिला मुरैना) में आयोजित की जाएगी. मृत्युंजय ने 21 अगस्त को विदिशा में आयोजित संभागीय शालेय प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व किया बेहतरीन प्रदर्शन किया. संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह, संचालक रणधीर सिंह ने मृत्युंजय की इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरव की बात है.

#### राष्ट्रीय गौरव से सम्मानित हुए प्रदेश अध्यक्ष गुजराती

**जीरापुर 03 सितम्बर, सं.** अखिल भारतीय आदिम महासंघ के तत्वाधान में पारधी आदिवासी विकास परिषद महाराष्ट्र के सानिध्य में 73वां स्वतंत्रता सेनानी जनजातियों का मुक्ति दिवस के अवसर पर दो दिवसीय महाराष्ट्र राज्य स्तरीय आदिवासी पारधी न्याय हक अधिकार समरसत्ता सम्मेलन का आयोजन हुआमध्य प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने पर राष्ट्रीय गौरव सम्मान पत्र शाल श्रीफल से शिवनारायण गुजराती प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिम महासंघ मध्य प्रदेश को सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम में भारत शासन नीति आयोग डीएनटी पदम श्री दादा साहेब इदाते के आतिथ्य, अभा आदिम महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप सिंह भाई भरभीढ़िया की अध्यक्षता, एवं राष्ट्रीय महासचिव बबन डी गोरामन, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नामदेव भोंसले ने यह सम्मान प्रदान किया.

#### एकता पर्व में केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ ने लहराया परचम

**राजगढ़ 03 सितम्बर, का.** केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा ग्वालियर में आयोजित संभाग स्तरीय एकता पर्व में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ के विद्यार्थियों ने भोपाल संभाग के लगभग 70 विद्यालयों के मध्य हुई प्रतियोगिता में मणिपुरी समूह गीत में प्रथम स्थान एवं विद्यालय के छात्र नीलेश दांगी द्वारा तबला वादन में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है।अब ये विद्यार्थी चेन्नई में आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे. इसी के साथ संभाग स्तरीय कला उत्सव में लोक गायन में मोहसिन खान एवं समूह ने तृतीय स्थान, बांसुरी वादन में चिन्मय पारीक ने तृतीय स्थान एवं ऑन द स्पॉट पेंटिंग में वैष्णवी शर्मा द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया. विद्यालय की प्राचार्या श्री मति रोमा सांखला ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ के लिए यह बहुत गौरवपूर्ण क्षण जब सांस्कृतिक गतिविधि में पहली बार विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता करेंगे. सभी विद्यार्थियों को होनहार संगीत शिक्षक केपी सिंह का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला है. विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर राजगढ़ जिलाधीश एवं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं समस्त गणमान्य नागरिकों अभिभावकों एवं स्टाफ सदस्य श्याम सुंदर मीणा, पीके सुमन, बाबूलाल, पीयूष वर्मा, सुश्री तानिया, सुश्री आकांक्षा यादव आदि द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई.

# झमाझम से सितम्बर की शुरुआत, रिकॉर्ड टूटा

## बीते वर्ष की तुलना में 300 मिमी ज्यादा बारिश हुई 3 सितम्बर तक, सबसे ज्यादा बारिश ब्यावरा में, कईं वर्षों का रिकॉर्ड टूटा

- फिर लगी बारिश की झड़ी, सड़कों पर भरा पानी
- ब्यावरा, राजगढ़ सहित अनेक जगह झमाझम बारिश
- निकासी के अभाव में सड़क बनी तालाब
- राजगढ़ में सड़कों पर एक-एक फीट पानी



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 सितंबर, का. जिले में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है. बुधवार को अनेक स्थानों पर तेज झमाझम बारिश हुई. ब्यावरा, राजगढ़, सुठालिया सहित अनेक स्थानों पर तेज बारिश होने से चहुंओर पानी ही पानी हो गया. आसपास क्षेत्र में नदी, नाले की पुलियाओं पर पानी आने से कई जगह का आवागमन घंटो तक बाधित रहा.**

नगर में दोपहर करीब 2 बजे से तेज बारिश हुई. हालांकि तेज बारिश का सिलसिला बीस-पच्चीस मिनिट ही चला इसके बाद मध्यम रुप से पानी आता रहा. राजगढ़, सुठालिया, लखनवास व अन्य स्थानों पर भी तेज बारिश हुई.

#### टुआखेड़ी पुलिया पर रुका रास्ता

लखनवास सहित आसपास क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक घंटे तक जोर की बारिश हुई जिससे समीपस्थ टुआखेड़ी के यहां लखनवास से भंवास जाने वाले रास्ते में नाले की पुलिया पर कई फीट पानी आने से आवागमन रुक गया. दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक आवागमन बंद रहा. इससे ग्राम किशनगढ़, बीजापुरा, भंवास सहित अन्य स्थानों से आने -जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.

#### ब्यावरा में सर्वाधिक बारिश

जिले में अभी तक ब्यावरा में सर्वाधिक बारिश होना सामने आया है. 3 सितंबर की सुबह 8 बजे तक जिले में तहसीलवार हुई बारिश की जानकारी इस प्रकार है. जीरापुर में 1197 एमएम, खिलचीपुर 1280.9, राजगढ़ 1129.7, ब्यावरा में 1959.9 एमएम, नरसिंहगढ़ 1258.9, सारंगपुर 797 तथा पचोर में 956.2 एमएम बारिश हुई है. जिले की औसत वर्षा 1233 एमएम हो गई है, जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक जिले में औसत वर्षा 979.8 एमएम ही हो सकी थी.

#### सड़को पर भरा 1 फीट पानी

राजगढ़ संवाददाता के अनुसार यहां दोपहर करीब 3 बजे से काफी तेज बारिश होने लगी. यह क्रम डेढ़ घंटे तक चला. इससे नगर के सभी नाल उफान पर आ गये. सड़को पर इतना अधिक पानी भर गया कि दुपहिया वाहन चल भी मुश्किल से पा रहे थे. अंधेरा छाने से दिन में लाइट चालू कर वाहन चलाना पड़े.

#### एक दिन पूर्व सारंगपुर में हुई तेज बारिश

गौरतलब है कि एक दिन पूर्व मंगलवार को सारंगपुर में दो घंटे से अधिक समय तक काफी तेज पानी आया था जिससे अनेक चौराहे, रास्ते, परिसरों, घर-दुकानों में बारिश का पानी जमा हो गया था. पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से इस तरह के हालात निर्मित हुए जिससे नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.

## जेसीबी से निकाला बारिश का पानी

**सारंगपुर 03 सितम्बर, सं.** मंगलवार को दोपहर 2.00 बजे से नगर में लगातार अत्याधिक मूसलाधार वर्षा के कारण नगर के अस्पताल रोड, थाना परिसर, बस स्टेण्ड रोड व भेरू दरवाजा मार्ग व आदर्श नगर क्षेत्र में 1 से 2 फिट पानी भर जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गये जिससे आवागमन प्रभावित हुआ. जिसको देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, सीएमओ द्वारा निकाय उपयंत्री विक्की ब्राहम्ण एवं अरूण गौड़ को तत्काल जे.सी.बी. की व्यवस्था कर नगर के जल भराव क्षेत्रों में जे.सी.बी.के माध्यम से वर्षा के जल की निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया. जिससे बाढ़ जैसी स्थिति से बचा जा सके। निर्देश के पालन में निकाय उपयंत्री द्वारा तत्काल जेसीबी की व्येवस्था कर जल भराव क्षेत्र में पानी की निकासी की गई एवं आवागमन को सुचारू बनाया गया.



#### विधायक ने कॉलेज बाउण्ड्रीवॉल का भूमिपूजन किया

**छापीहेड़ा 03 सितम्बर, सं.** पचोर रोड स्थित शासकीय महाविद्यालय की एक करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्री वॉल का बुधवार को विधायक हजारीलाल दांगी ने महाविद्यालय में स्थापित श्री गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना कर आरती के पश्चात बाउंड्री भूमि पूजन किया. शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य लवीना नीनामा ने महाविद्यालय की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं को लेकर विधायक श्री दांगी को आवेदन दिया जिस पर विधायक श्री दांगी के द्वारा सभी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना हेतु आश्वासन दिया गया. कार्यक्रम में भाजपा जिला साह कोषाध्यक्ष बालचंद दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक, पूर्व मंडल अध्यक्ष निर्मल गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विशालिया, पूर्व मंडी अध्यक्ष रामगोपाल दांगी, अमित झंझावात, मंडल महामंत्री श्रीनाथ दांगी, राधेश्याम भामि, के अलावा पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता और महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा.

## तेजाजी महाराज जन्मोत्सव पर भजन संध्या

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 03 सितम्बर, सं.** नगर के बटावदा जोड़ के सामने छापी बांध के किनारे स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर पर वीर तेजाजी का जन्मोत्सव बड़े धूम-धाम हर्ष उल्लास से श्रद्धालु भक्तों द्वारा मनाया गया श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज समिति द्वारा तेजाजी जन्मोत्सव में देर रात्रि तक भजन संध्या का आयोजन भी किया गया. जहां पर भजन संध्या कलाकार मदनसिंह पोलाखेड़ा एवं प्रेमसिंह दांइखेड़ी ने धार्मिक भजनों पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी जिस पर श्रद्धालु भक्त खूब थिरके. इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण की एवं भक्तों द्वारा तेजाजी महाराज की पूजा अर्चना प्रार्थना करके आशीर्वाद प्राप्त किया.



## वेद मंत्रों के बीच महारुद्राभिषेक में शामिल हुए सैंकड़ों श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 03 सितम्बर, सं.** स्टेडियम ग्राउंड पर चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग महारुद्राभिषेक अनुष्ठान का छठवाँ दिन भक्तिमय माहौल में सम्पन्न हुआ. सुबह से ही लगातार बारिश होती रही, लेकिन श्रद्धालुओं का उत्साह थमने का नाम नहीं ले रहा था. महिलाएँ, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में पंडाल पहुँचे और शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक में शामिल हुए. आयोजन स्थल पर जनप्रतिनिधियों और अतिथियों ने भी पहुँचकर दर्शन किए. इनमें शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक विजयपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर तथा जिला भाजपा प्रभारी सुरेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे. हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं विधायक मोहन शर्मा ने श्रद्धालुओं से भेंट की. धर्माचार्य पंडित सोमेश परसाई जी ने वेद मंत्रों के बीच महारुद्राभिषेक कराया और प्रवचन में शिवभक्ति के महत्व के साथ ही गो-रक्षा और गाय पालन पर जोर दिया. कल अनुष्ठान का सातवां दिन होगा.







# बारिश के बीच नगर से विमानों में निकले ठाकुरजी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 सितंबर, का. डोल ग्यारस पर बुधवार को जब मंदिरों से ठाकुरजी विमान में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले तो चहुंओर जयकारें गूंज उठे. ठाकुरजी के आगमन पर मानों इन्द्रदेव ने भी आसमान से पानी बरसाकर स्वागत किया. ठाकुरजी के दर्शन कर आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा.**

दोपहर बाद विभिन्न मंदिरों से शंख-झालर, ढोल-ढमाके, भजन कीर्तन के साथ भगवान के विमान निकलना प्रारंभ हुए. राजगढ़ रोड, गुना रोड, सुठालिया रोड, पुराना ए.बी.रोड, शहीद कॉलोनी, जूना ब्यावरा सहित अन्य स्थानों से विमान गुड़ चौराहा पहुंचे जहां से मेन मार्केट सुभाष चौक, नपा कार्यालय के सामने से अहिंसा द्वार, इंदौर नाके से होते हुए पंचमुखी मैदान पहुंचे जहां अजनार नदी के जल से ठाकुरजी के पैर पखारने के बाद यहां सभी विमान की आरती कर प्रसादी वितरण हुआ. तत्पश्चात विमान अपने-अपने मंदिरों की और लौट गये. प्राचीन श्री बीड़ मंदिर, श्री बिहारीजी मंदिर, चर्तुभुजनाथ मंदिर, श्री राललला मंदिर, श्री बालाजी मंदिर, श्री लक्ष्मीकांत नारायण मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, काली माता मंदिर, छीपा मंदिर भंवरगंज, मनकामनेश्वरी मंदिर, सिंह वाहिनी मंदिर, कैलादेवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों से विमान निकले.



#### सड़क के दोनों ओर लगी भीड़

ठाकुरजी के दर्शन करने विमान के आने का इंतजार में सड़क के दोनो और लोगों की भारी भीड़ लगी रही. दर्शन कर प्रसादी चढ़ाई गई. दर्शनों के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा. रास्ते भर श्रद्धालुओं के द्वारा प्रसादी चढ़ाकर आरती की गई.

#### अखाड़े के कलाकारों द्वारा करतब दिखाया

**छापीहेड़ा 03 सितम्बर, सं.** नगर में पहले बस स्टैंड परिसर पर प्राचीन चोपड़ा में सारे नगर के विमान को लाकर भगवान को नहलाया जाता था वहां पर पूजा अर्चना करने के बाद आरती की जाती थी. परंतु अब वहां पर जगह नहीं होने तथा ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण कांकरिया रोड स्थित बालाजी मंदिर के कुए पर पूजा अर्चना कर नहलाकर महाआरती की जाती है. बुधवार को अखाड़े के कलाकार द्वारा अपना करतब दिखाया जलझूलनी एकादशी डोल ग्यारस पर भगवान के विमान निकाले गए सारे नगर के छोटे बड़े सभी मंदिरों विमान बाजार चौक मैं इकट्ठे होकर श्री राम मंदिर परिसर में रखे गए लोगों द्वारा फल फूल चढ़ाने के बाद ढोल धमाकों के साथ अखाड़े का करतब दिखाने के बाद सभी विमान इकट्ठे शोभायात्रा के रूप में कांकरिया रोड स्थित बालाजी मंदिर परिसर पहुंचे जहां भगवान को नहला कर महा आरती की गई तथा प्रसादी का वितरण किया.

#### कीर्तन के साथ विमान में निकले बिहारीजी

**करनवास 03 सितंबर, सं.** डोल ग्यारस पर गांव में श्री बिहारी जी विमान में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले. रास्ते भर गली-गली में स्वागत किया गया. घर-घर से पूजन कर आशीर्वाद लिया. बिहारीजी का विमान बस स्टैंड कुएं पर पहुंचा जहां उनके चरण पखारने के बाद नीलकंठ महादेव मंदिर पर विमान पहुंचा जहां भजन कीर्तन हुए. आरती उतार कर प्रसादी वितरण किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे. भगवान बिहारी जी से सुख, शांति, समृद्धि की प्रार्थना की.

#### जयकारों के साथ निकले विमान

**पडाना 03 सितम्बर, सं.** जल झूलनी ग्यारस पर मंदिरों से विमान निकाले गये. नगर के शासकीय श्री राम मंदिर, श्री राम मंदिर, शीतला माता चौराहा स्थित श्री राम मंदिर, श्री राधा कृष्ण मंदिर, श्री राम मंदिर, हाटवाड़ी स्थित रामदेव जी मंदिर, सहित मंदिरों से परंपरानुसार ढोल-ढमाके के साथ विमान निकले. गली मोहल्ले में जगह-जगह पूजा अर्चना की. सभी विमान सदर बाजार रोड पर प्राचीन श्री बड़े गणेश मंदिर पर एकत्रित हुए जहां से सामुहिक चल समारोह भजन मंडलियों के साथ निकला. पुजारी आशु व्यास, मोहन शर्मा, रमेश शर्मा, रामचरण गुरु, राम वैरागी, विष्णु बैरागी, पप्पू शर्मा, मोहन दास बैरागी, द्वारका प्रसाद शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्य, श्रद्धालुजनों ने पूजा आरती की. इस मौके पर नरसिंह मंदिर महंत श्री कौशल किशोर दास महाराज, पुजारी सर्वेश्वर दास महाराज, रमेश पुष्पद, हरि नारायण पुष्पद, अनिल पुष्पद, केशव सक्सेना, ऋतिक व्यास, यशवंत परमार, जीवन टेलर, दिनेश सैन, जीतमल, महेश गुप्ता, मोंटू, पप्पू बाबा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे.

**बदहालात** — नगर में ब्यावरा नाके पर सभी एम्बुलेंस मेंटिनेंस कराती नजर आईं, खस्ताहाल हो रहीं एम्बुलेंस

# एक साथ खराब हुई आधा दर्जन एम्बुलेंस, गैरेज पहुंचीं

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 03 सितम्बर, का. जिले में एम्बुलेंस वाहन कई सालों पहले आए थे और अब ग्रामीण अंचलों में काफी चलने के बाद खस्ता हालत में पहुंच रहे है. तकनीकि रूप से दुरूस्त रहने वाले वाहन अब खराबी को दुरूस्त कराते नजर आ रहे है. दृश्य नगर के ब्यावरा नाके पर बुधवार को सामने आया जब करीब आधा दर्जन से अधिक एम्बुलेंस एक साथ मेंटिनेंस कराती नजर आई.**






ये सभी एम्बुलेंस अलग-अलग खराबियों को कारण काफी देर तक गैरेज पर खड़ी रही. इनके साथ पायलट भी मशक्कत करते हुए नजर आ रहे थे. मरीजों को आपात स्थिति में अस्पताल और अन्य शहरों तक रेफर करने की स्थिति में पहुंचाने वाली एम्बुलेंस भी दम तोड़ रहीं है. ये कितनी दुरूस्त है और इनका मेंटिनेंस किस प्रकार हो रहा है यह भी समझा जा सकता है.

यदि समय रहते इन्हें ठीक प्रकार से दुरूस्त नहीं कराया गया तो कभी यह मरीजों की जान पर आफत बन सकती है. इनके मेंटिनेंस, रखरखाव को लेकर भी कोई गंभीर नजर नहीं आता. बीते दिनों देखने में आया था कि धक्का मारकर एम्बुलेंस को पेट्रोल पम्प तक ले जाया गया था.

#### जिले में नए एम्बुलेंस वाहनों की दरकार

जिले में काफी लंबे समय पहले एम्बुलेंस वाहन उपलब्ध कराए गए थे. ये वाहन काफी समय से ग्रामीण अंचलों, जर्जर मार्गों, भोपाल और इंदौर सहित उज्जैन की दौड़ लगा रहे है. तकनीकि और मेडिकल उपकरणों के मामले में ये वाहन अब कमजोर हो चले है. ऐसे में अब विभाग को नए एम्बुलेंस वाहनों को संबंधित सेवा एजेंसी के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना चाहिए जिससे की आपात स्थिति में ये दुरूस्ती हो.


निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय
बरकतउल्लाह वि.वि. से संबद्ध एवं
यूजी/पीजी सामान्य पाठ्यक्रम में प्रवेश चालू है
विधि पाठ्यक्रम 2025-26
LLB 3 वर्षीय
B.A.LLB 5 वर्षीय
B.A.
B.Sc.
B.Com.
M.Sc.
शासन द्वारा प्राप्त सभी छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
राजगढ़ जिले का प्रथम विधि अशासकीय महाविद्यालय
अंतिम तिथि 06 सितंबर 2025
पता : अभयपुर रोड, ग्राम कटारियाखेड़ी तह. ब्यावरा, जिला राजगढ़ (म.प्र.)
ऑफिस - 7440663447 मो. 9425039231